निवेश जोखिम प्रबंधन तथा प्रक्रिया की समीक्षा
तथा प्रमाणन के लिए कोटेशन

ई सी जी सी लि भारत सरकार का एक उद्यम , एक ऋण बीमा कंपनी है। आई आर डी ए विनियमों के अनुपालन की दृष्टि से , आई आर डी ए द्वारा जारी परिपत्र सं INV/CIR/008/2008-09 दिनांक 22 अगस्त 2008 के जरिये दिये गए निर्देशानुसार निवेश प्रबंधन प्रणाली तथा प्रक्रिया की लेखा परीक्षा के लिए एक लेखा परीक्षक की नियुक्ति की जानी है। निगम का निवेश पोर्टफोलियो अनुमानित 8,200 करोड़ रु है।
निगम द्वारा आई आर डी ए द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार निवेश प्रबंधन प्रणाली व प्रक्रिया की समीक्षा की लेखा परीक्षा के लिए , चार्टर्ड अकाउंटेंट फ़र्मों से कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं।

कोटेशन के लिए आवेदन करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट फ़र्मों द्वारा निम्नलिखित मानदंडों को पूरा किया जाना अनिवार्य है :-

1. चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म का इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के साथ पंजीकृत होना चाहिए।
2. लेखा परीक्षा फर्म को , या तो बैंकों अथवा म्यूचुअल फंडों अथवा बीमा कंपनियों की जोखिम प्रबंधन प्रणाली तथा प्रक्रिया की समीक्षा करने अथवा आई आर डी ए की ओर से बीमा कंपनियों का निवेश निरीक्षण करने का चार वर्षों का अनुभव हो।

3. निवेश जोखिम प्रबंधन प्रणाली एवं प्रक्रिया के प्रमाणन हेतु लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्ति की तारीख को, एक समय में लेखा परीक्षक द्वारा, आंतरिक, समवर्ती तथा जोखिम प्रबंधन लेखा परीक्षा में से किन्ही दो लेखा परीक्षाओं से अधिक की लेखा परीक्षा नहीं की जानी चाहिए। अतः लेखा परीक्षा फर्म द्वारा सांविधिक लेखा परीक्षा को छोड़कर, किसी भी समय अधिकतम तीन लेखा परीक्षाओं (अर्थात निवेश जोखिम प्रबंधन प्रणाली एवं प्रक्रिया लेखा परीक्षा, आतरिक लेखा परीक्षा, समवर्ती लेखा परीक्षा- सभी साथ लेकर) से अधिक नहीं किया जाना चाहिए। इस उद्देश्य के लिए, नियुक्तियों के समय, इस विषय पर बीमाकर्ता द्वारा, चार्टेड एकाउंटेंट फर्म से घोषणापत्र प्राप्त किया जाएगा । बीमाकर्ता को ऐसी नियुक्ति के 7 दिनों के भीतर चार्टेड एकाउंटेंट फर्म से प्राप्त पुष्टि को आईआरडीएआई के समक्ष प्रस्तुत करना आवश्यक है।

1. लेखा परीक्षक पर , आई आर डी ए आई,भा रि बैं, सेबी, आई सी ए आई आदि, में किसी के द्वारा भी निषिद्ध / प्रतिबंधित नही किया गया हो।
2. निवेश जोखिम प्रबंधन प्रणाली तथा प्रक्रिया को प्रमाणित करने के लिए नियुक्त लेखा परीक्षक द्वारा ,उसी बीमाकर्ता , जिससे उसे प्रणाली लेखा परीक्षक की नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त हुआ हो , के लिए , उसकी नियुक्ति के तत्काल दो वर्ष पहले निम्नलिखित कार्य नहीं किए गए हों :-

क. सांविधिक लेखा परीक्षा
ख. कोई भी अन्य आंतरिक लेखा परीक्षा
ग. कोई भी समवर्ती लेखा परीक्षा
घ. कोई भी अन्य परामर्शी कार्य , जो लेखा परीक्षा से संबन्धित हो अथवा नहीं हो

उक्त के अतिरिक्त चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म द्वारा निम्नलिखित शर्तों का पूरा किया जाना अनिवार्य है :-

क. फर्म का ई सी जी सी में कोई लाभ निहित न हो ;
ख. फर्म का ई सी जी सी के निवेश मध्यस्थों के साथ किसी प्रकार का संबंध न हो;
ग. फर्म का प्रधान कार्यालय मुंबई में स्थित हो ;

इच्छुक 'चार्टर्ड अकाउंटेंट' फर्म कृपया निम्नलिखित पते पर अपने फर्म के संक्षिप्त प्रोफाइल के साथ अपने कोटेशन भेजें:-

श्री दीपक तुंगारे ,
उप महाप्रबंधक (निवेश)
ई सी जी सी लि
(पूर्व में भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम लिमिटेड)
5वीं मंज़िल, निर्मल बिल्डिंग
241/242, बैकबे रिक्लमेशन,
नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021

वे फर्म जो उक्त मानदंडों को पूरा करते हैं वे दिये गए प्रारूप के अनुसार उक्त लेखा परीक्षा के लिए दो अलग अलग लिफाफों में ' तकनीकी बिड ' तथा ' वित्तीय बिड ' लिख कर अपने कोटेशन प्रस्तुत करें तथा **वे कोटेशन उक्त उल्लिखित पते पर शुक्रवार , दिनांक 15 सितंबर 2017 तक अथवा उससे पूर्व कार्यालयीन समय की समाप्ति यथा शाम 05.30 बजे तक प्राप्त हो जाने चाहिए।** उक्त समय के पश्चात प्राप्त कोटेशनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

दीपक पी. तुंगारे
उप महाप्रबंधक (निवेश)